This Cosmos is the material modification (परिणाम) of Maya and illusory reflection (विवर्त) of Brahma. Just as curd can never change back into milk similarly the first modification (परिणाम) cannot revert back, while the latter (Vivarta) remains constant without any change whatsoever. The supreme is the Vivarta karan of this Cosmos in whom no change in fact takes place in spite of apparant Diversity. According to Vedant the supreme is neither instrumental nor material (Upadan Karan) cause of this Phenomena. The Supreme while creating the Universe is not only the Creator but also pervades all himself, because He is Infinite, Omniscient, Omnipresent and hence He is the Creator and the Created. Yet there is a difference as stated above.

We are often apt to confuse God the Creator (Ishwar) with the pure Trancendental Being (Shuddha Brahma). The Shuddha Brahma itself does not create, maintain or destroy anything. It is the Maya and the projecting power which brings forth this vast creation and thus adopts of its own accord the Upadhi and thus descends to the attributable state of Personal Condition embodied God as Hiranya Garbha. The difference lies only in its being attributive and attributeless. This does not mean that under the circumstances given above it becomes into two entities as Brahma and Ishwar.

(To be continued.)

मुनसी बाग
श्रीनगर
३-६-३४.

"सुख साम्राज्य की कुंजी"

लेखक—
स्वामी राम

मनुष्य अगर अपना जिवन सुखसे व्यतित करना चाहता हो तो उसको चाहिये कीं, यम नियम पूर्वक सरल पवित्र, धार्मिक और प्राकृतिक जीवन बनाने का प्रयत्न करे। शुद्ध सात्विक न्यायसे कमाये हुवे अन्नका आहार, उच्च श्रेणिके आध्यात्मिक विचार, साधा परंतू साफ पेहेराव, नियमित युक्तव्यायाम और जितनि हो सके उतनि कम कामनायें, बस येही सुख साम्रांज्य की चावियां हैं। इन नियमोको पालन करनेवाले पुरुष या महिला अपने समाज तथा राष्ट्रमे उच्च कोटिके आंदर्श माने जावेंगे। अैसे पुरुषोंके तथा महिलाओंकी संसर्गसे साम्राज्य तथा राष्ट्र उन्नतावस्था को पोंच जायेगा। दुर्दैव तो यह हें की वर्तमान परिस्थिती मे जीवन अत्यंत अप्राकृतिक और दुराचारयुक्त तथा कामनाओंके भीषण पहाडोंके बोझके नीचे दबा जा रहा है। जितना मनुष्य अप्राकृतिक जीवन प्रवाहोमें बहता रहेगा उतना उसको तुम् अप्राकृतिक जीवन की उलझने सुलझके लिये नयी नयी जरुरतोंकी मालिकाये उत्पन्न करनी पडेगी और वो जरुरतो को पुरा करनेके लिये नया सामान प्राप्त करने को व्यर्थ निष्प्रयोजन चेष्टा करनी पडेगी। इसी प्रकार थोडेही समय मे कामनाओंका तथा जरुरतो का एक भयंकर महासागर उसके आंखोके सामने खडा हो जायेगा। उसके भयानक लाटोके थपडोसे बिचारा बुरी तरह घायल होके अंतमे अशांत सागरमे सदा के लिये गोते खाते रहेगा। आनंद तथा सुख जिसको वह ढुंडने गया था उसका एक किरण मात्रभी बिचारे के नसीब न हुआ और यही वर्तमान परिस्थिती के अपने आपको सुशिक्षित कहलानेवाले नरसूंओंकी शोचनीय हालत है। जितने जितने वे विषय लालसोमे लोलुप होकर उनको पुरा करनेके लिये नये वस्तुका संसारमे विषय भोग की सुगमता के लिये आविष्कार कर रहे हैं उतनेही उतने वे दारुण दुःख आपदाओंके महान गतिमे अपना अमुल्य जीवन रत्न सदाके लियें खो बैठते है। ये दुनियाके भूलभटके लोगों विषय पिशाच्चिका के मारे हुवे गुलामो जरा आंखे तो खोलो देखो तुम्हारे जोवन सरिताका प्रवाह बजाय आंनद सागरमें मिलने के किस घोर कांटेरी जंगलमे रहा है। उठो अभी भी उठो, अब भी समय है। जीवन को सरल पवित्र और प्राकृतिक बनाओ ये विषय पिशाच्च आपही आप तुम्हारा पिछा छोडेगे और अब तुम संपूर्ण सुख साम्राज्य के सम्राट बने हो. निर्विषय आनंद जीवन के अमृतका पान करो और उसके मधुर नशे मे मस्त बन जावो. अहाहा कैसा सरल, सुगम और सहज आंनद है। इसका प्राप्त करना मनुष्य मात्रका जीवन सिद्ध हक्क है।

धुप बन
राम कुटि
१९-५-४०.

"त्याग और शांति"

लेखक—
स्वामी राम

संसार का सर्व प्राणि वर्ग अखंड शांति अटूट सुख तथा पूर्ण स्वतंत्रता चाहता है और अपनी अपनी बुद्धिमत्ता अपना स्वभाव तथा अपने संस्कारानुसार हरएक प्राणि शांति प्राप्तिके लिये प्रयत्न करता है। हमारे भारतवर्षके प्रत्येक आर्य पुरुषके शांति प्राप्तिके प्रयत्न के साधन की आधारशिला पूज्य वेदवाणी माननीय शास्त्रवाणी तथा श्री गीता की प्रभावशाली वाणीही होती हैं। ये पूज्य वचन होते तो है बीज जैसे छोटे परंतू विकसित बुद्धिमत्ता के प्रभावसे इनमें विश्वव्यापी वृक्ष जैसा विस्तार गंभीर विस्तृत अर्थ तथा अटूट आनंद पाया जाता है। इसीलिये शास्त्रका पूज्य वेदका एकही अखंड अविनाशी लक्ष्यपर पहुंचानेवाला वचन बुद्धिमत्ता के भिन्न भिन्न सीढीयों परखडे रहनेवाले मनुष्यों के लिये भिन्न भिन्न साधन प्रणालियोंका कारण बनता है. श्रीभगवद्गीता कंठखसे शांति प्राप्ति या कल्याण प्राप्तिका उपाय "त्यागात शांतिरनंतरम्" ऐसा कहती है और श्रुति भगवती भी त्यागे नैकेन अमृतत्वमाशु: ऐसा गंभीर इसारा देती है।

त्यागसे अखंड शांति मिलती है एक मात्र त्यागसे अमरत्व प्राप्त होता है ऐसे ये वचन कहते हैं। इन्ही वचनोंका आश्रय लेकर कोई अपने ध्येय प्राप्ति के लिये स्वजनोंका त्याग करते हैं, कोई धन तथा अधिकार त्यागते हैं, कोई कर्मको ही दुःख का कारण समझते हुए कर्मका ही त्याग करते है, तोकोई अपने स्वाभाविक इंद्रिय क्रिया का तथा अर्जुन के सदृश स्वधर्म का ही त्याग करने के लिये तयार हो जाते है परंतु इतना करते हुए भी अशांति उनका पिछा नहीं छोडती। त्याग तो इन्होने किया परंतु जिस वस्तु के त्याग के लिये इन पूज्य वचनोंका इसारा था वहां तक बुद्धि न जाने के कारण और पूर्ण विचार न करने के कारण त्याग का फल जो शांति या कल्याण उससे ये वंचित रहे! श्रीमभ्दगवद्गीता का सार्वभौम उपदेश हमें कंठशोष करके कहता है कि इस कर्म भूमी में कर्म कोई त्याग नहीं सकता चाहे कोई कितना भी प्रयत्न क्यों न करें? "यज्ञार्थात कर्मणोन्यत्र लोकोयं कर्म बधन:" इस वचनसे श्रीगीता कहती है कि यश बुद्धिसे किये हुवे कर्म बंधन नहीं है याने त्यांग बुद्धिसे किये हुवे कर्म बंधन नहीं है

याने त्यांग बुद्धिसे कर्म होना चाहिये और वो भी नियत याने निज वर्ण धर्म आश्रम तथा संस्कारानुसार होने चाहिये। हम कर्म तो अवश्य अपने वर्ण धर्म तथा संस्कारानुसार करे परंतु कर्म भोग के फलमे जो हमारी आसक्ति होती है, उसका त्याग करे ऐसा भगवान का आभिप्राय है। कर्मरुपी बिच्छूको जानसे मारने की अवश्यकता नहीं सिर्फ उस बिच्छूकी आसक्तीरुपी जो नांगी है वो अगर तोड दी जाय तो फिर कर्मरुपी बिच्छू चाहे हमारे शरिरपर घूमता रहे हमे दुःख नहीं दे सक्ता। उपरोक्त कथन से ये सिध्द हुआ की कर्म के फलकी आसक्ती त्यागनी चाहिये उससे शांति मिलेगी परंतू जबरदस्ती मेनें फलकी आसक्ती त्याग दी ऐसा कहनेसे त्यागी नही जाती उपरसे अगर मनुष्य आसक्ती न भी दिखायेगा तो भी उसके मनमें आसक्तयताका भास होता रहेगा और ये भास भी उतनाही दुःखदायी है जितनी आसक्ती ये आसक्ती तो स्वाभाविकरीत्या तबही त्यागी जाती है। जब मनुष्यको इस बातका ज्ञान हो कि सर्व कर्म प्रकृतीसे होते हैके नहीं करता. मनुष्य अपने आपको अज्ञानसे कर्मका कर्ता मानता है मै कर्ता हूं ऐसा कहता है तभी सुखः दुखादि द्वंद्वका भागिदार होता है। जब वो सुख दुःखका अनुभव करनेवाले मनको अखंड सुखरुप अटूट शांतिरुप दयाधन प्रभुमें लिन कर देगा तो फिर मन स्वयंही शांतिरुप सुखरुप बन जायेगा और फिर स्वभाव तथा संस्कारानुसार उसके शारिरिक तथा मानसिक व्यवहार यंत्रवंत होते रहेंगे और उनमे उसे सुख या दुखरुपी द्वंद्व प्रतित होंगे ही नहीं। प्रभुमे मन लिन होने पर हमसे कोई कर्म हो ही नही सकेंगे ऐसी कई लोगों को धारणा है परंतु भ्रमक है। प्रभु स्वमं चैतन्यरुप है और उसमें जब ये मन विधिपूर्वक लिन कर दिया तो ये मन स्वयं चैतन्यरुप स्फूर्तिरुप बन जाता है और साधारण अज्ञानी मनुष्य से वो ज्यादा स्फूर्तिसे चेतनासे कार्य कर सकता है।

परंतू अब उसके कार्य अहं बुद्धिसे नहीं होंगे उसका अहं सर्वथा प्रभुमें गल गया होगा और उससे अब प्राकृतिक याने अज्ञान अवस्थामेसें ज्ञान प्राप्तिकी अवस्था तक जिन जिन कर्मोंका उसके इंद्रियोंको अभ्यास कर रहा है वे ही स्वाभाविक कर्म यंत्रवत होंगे। यंत्रया मशीन जब चलती है वे फिर गलतीसे अगर उसका यंत्रका मालिक ही क्यों न उसमे अपनी उंगली डाले वो उस उंगली को उडा देगी नहीं नहीं कभी ता मालिक का प्राण भी हरण करलेगी। अगर मालिक की गलती हुई तो उसे ये लिहाज न होगा कि ये मेरा मालिक है और उसका घात नहीं करना चाहिये व मेरा और ऐसी हत्या या घात करने पर भी वो मशीन हिंसा दोषकी भागीदार न बनेगी और न उसे दोषी मानकर फांसीहि चढायेगा और अगर अज्ञानसे किसीने उस मशीन का विध्वंसकी किया तो उस मशीन को उसकी भी पर्वा नहीं होती न अपने विध्वंस पर वो रोती, चिल्लाती है उसी प्रकार प्रभुमें पूर्ण लीन हुये। मनुष्य की हालत हो जाती है उसके कर्म अब स्वाभाविक द्वंद्व बुद्धिसे तथा आसक्तीसे रहीतहोंके होते है और ऐसे कर्म करते हुये अगर उससे किसीका घात होते हूएदिखाई देता है तो वो उस घातके पापका उत्तरदायी नहीं होता ये सच्ची गीता की अहिंसा है जब तक देहात्म बुद्धि है जब तक प्रभुमें बुद्धिलीन नही हुई है जबतक निश्चित प्रभुकी प्रेरणा इंद्रियोंमे से स्वयं स्फूर्तीसे

कार्य नही हो सकते उसके अहिंसामें हिंसाही होती है परंतु उसे अज्ञानतावश इस बातका ज्ञान वहीं होता और स्वयं अपने आपको दुःखी तथा अशांत बनाता है। अस्तुः

उपरोक्त कथनसे यह सिद्धहौता है कि मनुष्य अपना कल्याण या शांति त्यागसे प्राप्त कर सकता है। परंतू त्याग होना चाहिये, अपने अहंभावका देहात्म बुद्धिका। अपने अल्प अज्ञानी अस्तित्व को प्रभुमे लीन करना ही सच्चा त्याग है और ये त्याग जब सिद्ध होगा आत्मानात्म विचार से संत्संगतीसे प्रभु परायणतासे तथा प्रभुके अखंड नामस्मरण पूर्वक वर्णाश्रम संस्कारयुत्यसे तो स्वाभाविक ही कर्म के फलोंमे उसकी आसक्ती नहीं होगी और तथा उसके कर्म नितकाम कर्म बन सकेंगे नही तो मनुष्य मूहसे नितकाम कर्मका जप करता रहेगा और करनेका प्रयत्न भी जबरदस्ती करेगा परंतू अंतःकरणमें ज्ञानकी एकात्मताकी पूर्ण चमक न होनेके कारण उसके मनमें आसक्तीका भाव उदय होता रहेगा जिसको दांभीकतासे दबाता या छुपाता रहेगा अस्तुः

अगर हम अपने आस्तित्व को अहंभाव को प्रभुमे लीन करके नित नियत कर्म करते रहेंगे तो अवश्य हमें भगवत् भक्तिनुसार अखंड शांतिका लाभ होगा।

ॐ शांतिः शांति शांतिः

श्री स्वामी रामके वचनामृत.

लेखक :—
स्वामी राम

प्रश्नः— महाराज क्या ब्रह्मा, विष्णू और शिव ये सत्य है या झूट ? मुझे इनको अस्तित्व पर शंका है।

उत्तरः— संसार के सारे पदार्थ सत्य है। कोई भी मिथ्या नहीं है सिर्फ अंतर इतना है कोई व्यक्त सत्य है कोई अव्यक्त सत्य। जिन पुरुषोंको साधन के द्वारा और चित्त शुद्धि के कारण बुद्धी शुद्ध, तीक्ष्ण, सुसंस्कृत और सुक्ष्म होती है। वे अपने पन के अंदर होने के वाले परंतू चर्य दृष्टी को अव्यक्त ऐसे चीजोंको भी साक्षात देखते है. अनुभव करते है उन्ही अव्यक्त प्रतिकांको जिनका अनुभव किया है उनको ही जब स्थूल दृष्टीवाले, मद पुरुषोंके सामने रखते है तो उनको अपने मनोगत विचारोंको और भावनाओंके चित्राकृति बनाकर साधारण जनता के सामने रखना पडता है। और वे ही मानसिक, सात्विक, राजसिक और तामसिक जो भाव है उन्ही के लक्षण और गुणानुसार वे साधारण जनता के सांमने ब्रम्हा, विष्णू और शिव की आकृतियां रखते है जीतनी दृष्य सृष्टि याने भौतिक सृष्टिको हम सत्य मानते है क्योंकी हमे उसे इन्ही आंखोंसे देख सकते है, उतनिही स्वप्नसृष्टि स्वप्न कालमें सत्य हैं और उसी प्रकार अवस्था का सृष्टि उस अवस्थामें अनुभव होनेपर ही स्मृतिसे जागृति आने पर सत् ही अैसा साक्षात्कार प्रतित होता है। और इन्ही तीन अवस्थाओंके प्रति ब्रम्हा, विष्णु और शिव शास्त्रोमें कहा जाता है। जब तक मनुष्य को देहात्म बुद्धी है और उसे अपना देह तथा इंद्रिय वर्ग सत्य मालूम होता है तबतक ये सब ब्रम्हा, विष्णू महेश सत्य है। परंतू जब मनुष्यको तूर्यावस्था प्राप्त होती है और देहात्म बुद्धिका सर्वथा आभाव हो जाती है उस समय ये अभी एक परब्रम्हमें लीन हो जाती है और उस समय उस पुरुषके दृष्टीमे इनका आभाव हो जाता है।

प्रश्नः— स्वाभाविक और अस्वाभाविक प्रकृतिका रुप कृपा करके कहियेगा।

उत्तरः— स्वभावगत इंद्रियोंके जो स्वभावसिद्ध धर्म जैसा आखोंका देखना, कानका सुनना आदि है उनकाही निरासक्त बुद्धिसे व्यवहार प्राकृतिक कहलाता है। और उसे ही स्वाभाविक प्रकृति कहा जाता है। और आसक्त बुद्धिसे सुख दुःखात्मक भावोको ग्रहण करते हुअे व्यवहार अप्राकृतिक या अस्वाभाविक कहने जाता है। वो ही अस्वाभाविक प्रकृतिका रुप है।

संकल्पही इच्छा का मूल कारण है और येही संकल्प जिस समय दुहराया जाता है या दृढ होता है उस समय ये दृढ नाम संकल्प इच्छा का नाम धारण करता है। ये इच्छा पहिली सूरत मे विशेष राग और द्वेष नही रखती। पुरी हुई तो हुई न हुई तो नही. कोई खास सुख दुःख प्राप्त नहीं होता परंतू ये ही इच्छा जब दुहराई जाये तो उसमें कुछ राग होने लगता है और उस राग के कारण प्राप्तिमें सुख अनुभव करने लगता है। उस समय या उस हालत में उसी इच्छा को कामना का नाम प्राप्त होता है। ये संकल्प की तिसरी सीढी है। ये ही कामना जब बार बार मनमे प्रवेश करती है और हृदय मंदिरसे सब्जबाग दिखाती है और इस माने हुअे सब्जबागों यानें सुखोमें चित्त आनंद अनुभव करनें लगता है और उसके प्राप्तिकी कल्पना के साथ हर्षित होने लगता है। और अप्राप्तिकी कल्पना के साथ महान दुःखसे रोने लगता है। उस समय उसी कामना का नाम वासना कहा जाता है। यं इसी संकल्प कीं चौथी सीढी हैं। अब हम जरा आगे चले और देखें की संकल्प अपनी पांचवी हालत से कैसा रुप धारण करती है और इसकी क्या रंगत होती है। अब येही वासना न की मनमें ही सिर्फ बारबार आती परंतू आँख, कान, नाक आदि सारी इंद्रिया इसी वासना का जैसा रुप देखते रहती है. या तो जैसी सारी इंद्रिया आँख ही बनी है नही बल्की शरिरका एक एक रोम रोम आंखही जैसी बनी है और उसी वासना का रुप देख रहा है और उसकी पूर्तीमें अपना मरण समझता है या महान दुःख समझता है और जिसके प्राप्त करनें के लिये चाहे कितना भी साहस करना पडे तो वो करनेके लिये तयार हो जाता है। बल्की चाहे किसीका खून करना पडे या अपनी जान देनी पडे देने या लेने के लिये तयार हो जाता है। उस हालत मे इसी वासना का नाम तृष्णा पड जाता है ये इसी मूल भूत संकल्प की पांचवी सीढी है और ये मनुष्यको अपने स्वरुपसे नीचे गीरा देती है, और अज्ञान की महान गती या खाई में ढकेल देती है. अब सुनिये और ख्याल किजीये कि एकही संकल्प सिर्फ दुहराने की वजहसे इस हदतक पहुँच गया है। इसी प्रकार अगर मनुष्य अपना परम कल्यांण चाहें और इन कामना, वासना और तृष्णा आदिसे बचना चाहे तो उसके लिये येंही उपाय है कि जैसी संकल्प की दुहराने से तृष्णा बन गयी और हमारे बातका कारण बनी वैसे ही अहम्–ब्रम्हास्मी अत्मनात्म ब्रम्ह आदि या श्री गायत्री आदि महामंत्रो को दुहरानेसे और बारबार दुहरानेसे जब बैखरी, मध्यमां, पश्यैंति, परा आदि वाणीयों मे से गुजराता हुआ और भिन्न भिन्न नाम धारण करता हुवा धारणाध्यान या समाधी की हालतमें पहूँचा देता है और मनुष्य इसी दुहराने के या जपके द्वारा अपने जन्म का सार्थ कर देता है। और आनंद साम्राज्य का स्वामी बन जाता है। हथियार या अग्नी फायदा मंद भी होती है और नुकसानदायक भी होती है। इससे नुकसान करना या फायदा हासिल करना मनुष्यके अपने हाथकी बात है। उसी अग्नीसे अपना घर भी जल सकता है और उसी अग्नीसे रोटि बना खाकर स्वस्थ बन सकते है। इसलिये तुम अपना कल्याण चाहते हो तो कल्याणदायक

ख्यालतोंको दुहराया करो और इतने दुहराया करो कि वह विचार तुम्हारे हरएक इंद्रियोंके सामने सच्चे स्वरुपमे खडा हो जाय इसी प्रकार के दृढ संकल्प के मनुष्य अपना कल्याण प्राप्त करके सुखसाम्राज्यका स्वामी बन जाता है। इसीलिये प्रत्येक को दृढ संकल्पवाला बनना चाहिये उसीसे उसको जीवन ध्येय प्राप्त होगा।

बल:— आजके शुद्ध दिन पर हम भगवान श्रीकृष्णजी के जन्म दिवसका शुभ उत्सव मनाने के लिये एकत्रित हुअे है। मतलब इसका ये है की हमे श्रीकृष्ण की स्मृतिमें रहे और उन्होने प्यारी गीता मे अर्जुन को निमित्य बनाकर हम संसारी लोगोंके लिये ज्ञानामृत देने कि कृपा की है। उससे हम अपना जीवन सुखमय और आनंदी बनावे। वैसे तो आप जानते है कि भगवान ज्ञानसागर है और हमारी मानुषी अल्पबुद्धीसे उसका महत्व अवलंबन करना सर्वथा असंभव है। परंतू फिर भी मै आपको उनका एक वचन का परिचय देना चाहता हूँ, मुझे निश्चय है कि भगवान के एक वचन को लेकर अगर कोई सज्जन उसे अपने जिवनका अंग बनावे या जीवन को उसी के अनुसार बनावे तो मै समझता हूँ कि इस मनुष्य का दैवी जीवन होगा। भगवान कहते है "बलं बलवतां चाहं" अगर मुझे ढुंढना चाहो तो वैसा तो मै सभी मे बसा हूँ। लेकिन स्थूल दृष्टीसे भी मुझको तुम बलमे पा सकते हो। मै साक्षात बल हूँ, वेद का वचन भी ही मनुष्य प्राणीयों के लिये और सुखकी चाहत रखने वाले के लिये बलकी उपासना अत्यंत आवश्यक है "बल उपास्व" आप देखते है कि संसारमे बलवान ही सर्वत्र जय प्राप्त कर सकता है. और निर्बल बिचारे नाहक बिना कसुर पीसे जाते है। बलवान जो कहे वोही वेदका वचन होता है। इसलिये वो ही जाती है। राष्ट्र वोही संस्कृति उज्वल रह सकती है, उज्वल रह सकते है, कि जिस जातीमे जिस राष्ट्रमे बल हो। वैसे देखा गया है कि हाथी बलवान होता है परंतू मनुष्य अपनी बुध्दी बलसे उस पर भी सवारी करता है और अपनी मर्जी के अनुसार उसको चलाता है। इसलिये बुद्धि बल, मानसिक बल और आत्मबल ही भगवान बल होते है और ये प्राप्त करना ही श्री भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त करना है। उसको योग बल प्राप्त करने के लिये बहुत सारे उपाय शास्त्रोंमे कहे गये है। उनमे सबसे सरल और सुगम उपाय "अनन्याचित ये जनां पर्युपासते"! तेषांनित्या भियुक्त्यानां योग क्षेवहाभ्यंहं"। ये कहकर श्री भगवाननें भक्ति का ही उपाय उत्तम बताया है और तुम कहोगे की ऐसा भी कोई है जिसने सिर्फ भगवान की भक्ति करके आत्मिक बल शारिरीक आदि प्राप्त किया है। मै दावे से कह सकता हूँ कि एकता क्या बलकी हजारोंके नाम गिना दूं और आप जिनके नाम से परिचित है वे श्री पिरझकाकजी, श्री परमानंदजी, श्री लल्लीश्वरी, श्री ज्ञानदेवजी, श्री तुकाराम महाराज, श्री स्वामीरामदासजी, श्री एकनाथ महाराज इत्यादि शक्तिशाली महात्मा गुजरे है। जिनके शक्ति के रामने महाभूतों की ताकत भी झुक आती है तो दुनियाके प्राणियोंकी बातही क्या। श्री प्रल्हाद भक्त का किस्सा तो सभी हिंदुमात्र जानते है की छोटासा बालक होने पर भी उसकें पिताने उसपर कि प्रहार करवाये परंतु भगवान कि

भक्ति के बलसे उसका एक बालभीं बांका न हो सकता! इसी प्रकार प्यारे अगर हम अपना तन मन धन सर्वस्व भगवान को अर्पण करके भगवान के हातमे का हथिदार मात्र बन जायेंगे तो हमारी सारी इंद्रियोमेंसे श्री भगवान की बलवती ज्योति की प्रेरणा काम करने लगेगी और फिर हमारा जीवन दिव्य बलसे युक्त होकर हम अपनी जाति, अपना राष्ट्र, अपनी सस्कृति के भी स्वाभाविक उद्धारक बनेंगे और अपना तथा आपने राष्ट्रका जीवन सुखमय उज्वल तथा स्वातंत्र बना सकेंगे।

मन मोहनी शांति माता की गोदमें राम

लेखक :—
स्वामी राम

इन दिनों में राम गुलबर्ग में एक सज्जन मित्रके पास उनके आग्रहानुसार निवास करता था। आज सोमवार है। रामने स्नान भोजनादि करके जरा रमण को जाने का विचार किया और निकला भी।

प्रभाकर अपने आनन्द की मस्ती में आज हंस हंस कर बातें करते हुए नजर आते थे। और अपने असंख्य दिव्य सुवर्ण करों से इन हरित वसना, स्मित हास्य वदना, मधुर सुस्वर राग आलापने वाली परियों के साथ (वृक्ष राजी के साथ) छेडखानी कर रहे थे। उनके चित्त कमलों को अपने दिव्य स्पर्श से तथा चुंबन, अलिंगन से पूर्ण विकासित कर रहे थे। इस विहार क्रिडा या प्रणय विनोद में दिवाकर महाराज इतने मस्त हो गये थे कि उनको दुनियां में क्या हो रहा है, इसका भान भी न था। उनको क्या पता – कि इस नश्वर संसार में सुखचिरकाल नहीं टिका करता है। दुःख रुपी मद मस्त हाथी आकर, सुख रूपी नाजुक कमलिनी को सहज ही मे ग्रास कर लेता है। शायद जानते भी हो राम क्या कह सकता है। परन्तु यह बात तो निश्चित है और सबके अनुभव में आचुकी है कि इस विश्व विमोहिनी माया का प्रभाव ही कुछ ऐसा विचित्र है कि जानते समझते हुए भी कि यह भयंकर खड्डे है, यह महा दुःखदायक नरक है फिर भी मनुष्य भगवान जाने किस राक्षसी शक्ति के मारे हुए अपनी गती उधर ही करते हैं। और उस खड्डे में या भयानक नरक में पडकर उसमें गोते खा खा कर उनकी गहराई का थाह पाने, अन्त लगाने की ही बार बार चेष्टा करते हैं।

उपरोक्त सुख क्रीडा विधाता को सहन न हुई। एक दुष्ट कृष्ण का ये भीषण राक्षस ने बीचमें आकर प्रणय विनोद का भंग किया। पाठकगण समझ ही गये होंगे कि यह महां राक्षस कौन था? क्या कहते हो! बादल! हां ठीक कहा! वोही था। राम को तो आनंद ही हो गया। क्योंकि सूर्य के प्रखर प्रकाश मे चलना बडा ही कठिन मालुम हो रहा था। राम ठंडी सडक पर से आसपास के यूनीफॉर्म में खडे हरे २ कपडे तथा गहनों को धारण की हुई गगन चुंबी वृक्षराजी का नज़ारा देखते हुए चल रहा था। चलते चलते 'धोबी घाट' के चश्मे पर पहुंचा। झरने का अमृत तुल्य पानी पीकर सिधा ही पहाड पर चढ कर एक घोर जंगल में पहुंचा।

आहा हा ! कैसा सुन्दर मनोहर दृष्य है। चारों तरफ यह हरी हरी साड़ियां पहने हुए दिव्य परियों की पलटन अपने नाजुक हाथों में सुन्दर हरी चौरियां लेकर मंद मंद गती से उनको परमात्मा जाने किस भाग्यवती या भाग्यवान वनदेवी या वन-देवता पर डुला रही हैं। सरस्वती सरितादेवी (एक छोटासा नाला) सुन्दर सितार पर मधुर गान छेड़कर सुस्वर से कर्ण मधुर गीत गा रहीं है। यह अदृष्य अपूर्व लावण्यवतीं मालिन पता नहीं किस नंदनवन से या दिव्य दैवी बागसे मधुर सुगंध युक्त पुष्पों कां सुवांस ला लाकर इस स्थान को सुवांसित करने में अपना अहोभाग्य मान रही है। इस प्रकार के सुरक्षित रमणीय बीच मैदान में अप्रतीम हरा गालीचा याने कालीन पड़ा हुआ है। उस पर नाना रंग के पीले, हरे, नीले, लाल आदि रंग के फूलों की नक्काशी ऐसी चतुरता से निकाली है कि देखनेवाले की अकल चकरा जाती है, और उस कालीन बनाने वाले कारीगर की प्रशंसा, स्तुति आदि करने में दस पांच शब्द वाणीसे आपही आप निकल पड़ते है। वाहवा, वाहवा! धन्य है उस कारीगर की और उसके माता पिताकी कि जिन्होने ऐसे चतुर शिल्पकला विशारद पुत्र को उत्पन्न किया। यह अपूर्व स्थान देखकर राम को मालुम हुआ कि यह स्थान किसी वनदेवी या देवताका है। परंतु उस समय वहां कोई भी दिखाई नहीं देता था। रामने सोचा, चलो जरा बैठके आनन्द तो लें, देखा जाएगा जिस समय कोई उठाने आएगा तो। राम वहां आनंद से बैठ गया। इस समय अशुमाली अपने शत्रुपर विजय प्राप्त कर फिर अपनी परियों के साथप्रणय विनोद - क्रीड़ा में लगे हुए थे। आहा हा, वाहवा, वाहवा ! कैसा मनोहर यह नजारा है। राम की वाणी तो इसका वर्णन करने में असमर्थ है। खैर राम ज़रा इधर उधर नज़र मारता ही है, तो पता नहीं कहांसे आकाशसे यां पातालसे ये मन-मोहनी विश्व जननी शांति माताने अकस्मात आकर अपने नाजुक परन्तु शांतता प्रदान करनेवाले कर कमलोंसे रामको स्पर्श किया और दोनों हाथों से रामको उठाकर अपनी गोदमे बिठाया। पाठकगण राम कहांसे वो जुवान लावें इस दिव्य दैवी स्पर्श को वर्णन करने की। वह दिव्य स्पर्श क्या था, एक अजब अद्भुत अपूर्व जादू था। उसने राम पर इतना असर किया कि राम की सारी सुध बुध जाती रही। हैरानी परेशानी, चिन्ता आदि का नाम निशान भी न रहा। नहीं, नहीं ! राम को तो मालुम देता है कि वहां कोई दुःख देनेवाली आसुरीं शक्ति मौजूद ही न थी। शायद उस शांति देवी के राज्य में उनको आने की सख्त बंदिश हो। राम को गोदमें बिठला कर और इसके सिरपर अपना अंचल डालकर अपने अमृत तुल्य मधुर स्वादू दूधका पान कराया और साथ ही साथ अपने कोमल करों से राम के सिर तथा पीठ पर थपकियां देते सुस्वर मंजुल गम्भीर स्वरसे गान गा रही थी। राम उस मन मोहनी शान्ति देवी की मातृ गोदमें मातृ प्रेम का अपूर्व आस्वादन लेते २ सूखसे निद्रा देवी के वश हो गया। पता नहीं कितना काल बीता। राम उस सुखसे विमुख होना नहीं चाहता था। परंतु यह कौन और कहां से डाकन आई और अपनी कर्कश ध्वनी से राम को इस अद्भुत आनन्द से उसने वंचित किया। इसने आंखे खोली, देखता है तो सामने

भयंकर हवा चल रही है। सन्न २ सों सों करके उसकी कर्णकटु आवाज़ आ रही है वृक्षराजी परेशान जैसी नज़र आ रही है। यह देखकर रामने अपने चारों तरफ नज़र मारी। परन्तु आश्चर्य है कि उस स्वर्गीय मन मोहिनी लावण्यवती शांति देवी का कहीं पता नहीं पाया। राम हताश हो कर उठा और उस अनुभव किये हुए सुख मदिरा के नशे में मस्त होता हुआ रास्ता चलने लगा। शाम को डेरे पर आ पहुंचा। परंतु अभी भी उस मातृ दर्शन का और उसके अमृत तुल्य दुग्ध मदिरा का सुखकारक नशा रामके चितको शांति सागर के शांत अमृतका आस्वादन दे रहा है।

— ॐ —

भक्त के उद्‌गार

कितने निपुण खिलाडी, नटखट और बहुरूपे हो लीलाधारी क्या तुम्हे इसीमें ही आनन्द आता है। मेरी बुद्धि की दृष्टि की खींच तान कर परिक्षा लेने में और मुझे तुम्हे पहिचाननें में असफल बनाने मे ही क्या तुम्हारा महत्व छुपा है। क्यों नहीं इन आंखोंको जिस रूपमें तुम्हे देखने की आदत पडी थी उसी प्यारे रुपमें इनके सामने आके इन्हे सुख देते हो, कभी मनुष्य, कभी स्त्री, कभी घोडा, कभी कुत्ता, कभीं विकार, कभी प्रकार, कभी इच्छा, कभी आशा, इनके कपडे और वह भी इतने चित्र विचित्र रंग के पहनके सामने आते हो क्रिन्टों के लिये बुद्धि आंखों से तान तान कर देखने पर भी कुछ भ्रम शेष रह ही जाता है और इस कारण में कभी तुम नहीं हो, ऐसा समझ कर उन कपडों को पहन के आये हुये वस्तु या रुप का याने तुम्हारा ही अनादर अपमान तिरिस्कार कर बैठता हूं। जब तुम खिलखिला कर हंसते हो और ढील के माफिक सामने क्रिड़ा करते हुए खडे ही रहते हो बहुत हटाने पर हटते भी नही हो तो लज्जित हो कर समझ जाता हूं और फिर फूट २ कर रोने लगता हूं प्यारे के लिये हुए अपमान के पश्चाताप की गंगा में गोते लगाकर तुम्हारे चरण पकडनें और क्षमा मांगने आता हूं तो तुम कहां हो वहां, तुम तो कभी के चल दिये हो यह भी पता नहीं कहां? हां तो अब यह बताओ नाथ ऐसा क्यों करते हो क्या तुम्हारे सर्व व्यापक अखंड रूप का बोध करानें के लिये। तो फिर जिस भी रूपमें से आते हो, आने के पहिले ही कोष क्यों नहीं पडते कि घबराना चकराता नहीं, में वही हूं तेरा प्यारा प्रियतम!

क्या आप अपनी सर्व शक्तिमानता का परिचय देते हो? हां! यही ठीक है, तुम्हारी क्रिया शक्ति, ज्ञान शक्ति और आवरण शक्ति ये तीनों भी शक्तियां महान हैं जब तुम अपनी ही क्रिया शक्ति द्वारा आवरण शक्ति का प्रकाश करतें हो तो तुम्हारा वह पति इतना बेमालुम होता है कि कितनी आंखों की शक्ति बढाकर देखलें कुछ दिखता ही नहीं और तुम्हारा बोध होता ही नहीं परन्तु जहां भी आप अपनी महती कृपासे ज्ञान शक्ति के द्वारा किसी भाग्यवान के लिये खोल देते हो तो फिर क्या है— चाहे किसी आवरण के रुप को, इतना ही नहीं महीन से महीन भावना, वासना, विकार के भी कपडे लगाकर क्यों न आओ, वह तुम्हे साफ साफ पहिचान लेता है और

खिल खिलाकर हसने लगता है। यहां तुम्हे ही उसके सामने शर्मिन्दा होना पडता है। परन्तु तुम्हे शरम क्या तुम पक्के बेशरम हो। तुम्हे अपने खेल की धुन में सूझता ही कहां है। तुम तो अपने नये २ रुप लेकरे आते ही जाते हो और अपनी हंसी कराते हो। हां अपने भक्तों का मान रखने में, उनका आनंद बढाने में तुम्हे खुशी होती है। तो फिर कृपालु मुझे देदो ना वह आंखें जिनसे मे तुम्हें इस विश्वव्यापी संसार में हर क्षण २ में ये देखा करूं ताकि मुझसे तुम्हारा अनादर तथा अपमान न हो। क्या करोगे इतनी कृपा। आप दानी हो ऐसा सुना है, तो कृपा निधान, जगदाधार देदो न इतना दान। तुम्हारा क्या कम होगा, तुम्हारा खंजाना तो अव्यय, अखंड और सदा पूर्ण रहनेवाला है। आज तो मैं दान लेकर हीं उठूंगा, प्रभो चाहे नाराज हो जाओ, चाहे मेरा अन्त क्यों न करो।

हे सर्व शक्तिमान सर्वव्यापी प्रभो मैं तेरे दरबारमें प्रवेश करता हूं और समझता हूं मैं पवित्र हूं परन्तु पता नहीं कितने अपवित्रता के दाग मेरे मन के और हृदय के साफ समझे जाने वाले कपडों पर होते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं और बडी २ उच्च एवं दिव्य भावना आपके सन्मुख रखता हूं और उन्हो का आपसे दान मांगता हूं। कभी २ मैं कहता हूं कि प्रभो मुझें तुम्हारे चरण कमल के दर्शन बिना और किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं करता हूं और बडी विनय से कहता हूं हे नाथ मुझे तुम्हारे चरणों की एक मात्र भीक प्रदान करो परंतु खेद इस बातका है देव कि उसी समय में अन्य कुत्सित, स्वार्थी, कपटी, कामनायें, चाहतें, इच्छाएं, एक २ करके अपना अस्तित्व हृदय सागर के पृष्ठ भाग पर दिखाकर लुप्त होती है। प्रभु तू बड़ा दयालु है, तू हमारी कुटिलता के दम की पूरी पोल खोल देता है और स्मित करता हुआ भी नज़र आता है। परंतु दुर्दैव हमारा ऐसा हमारे पीछै हाथ धोकर पड़ा है कि तेरे सन्मुख भी हम अपनी जाने या अनजाने कपटी चाल चलना भूलते नहीं। हम समझते हैं कि प्रभु हमारी सारी कहीं बातें सच मान लेंगे और इधर अन्तरयामी कहते हुए भी हम अपने अन्दर की बातों पर पर्दा डालते है तेरी आखों में धूल फेंकने का विफल प्रयत्न करते है। प्रभो कितनी २ वस्तुओंका तथा उत्तम भावनाओं का हम तुझसे दान नित्य दान मांगते है परन्तु एक भी हम आचरण में लाने की चेष्टा नहीं करते। समय २ पर तू बडी ही दयालुता से उनकी याद दिलाता है परन्तु अहंकार के मद से या स्वार्थनाश या मान नाशके भयसे हम तेरी आशा की तेरी दिव्य प्रेरणा की अवहेलना करते है और फिर प्रार्थना के समय वोही अपना रोज का रोना रोते रहते है हमें ऐसी ही हर समय तीव्र इच्छा अपने आपको सुधारनें की न होते हुये रोना तेरे सन्मुख रोने की होती है। तुझे भी हमारी नाटच कुशलता देखने की आदत हो गई है और अब पहले जो तुझे कभी २ हमारे इस अभीनय पर हँसी आती थी अब वह भी बन्द हो चुकी है। प्रार्थना करते समय न तो हमारे अंतःकरण में तीव्र जिज्ञासा ही सुधार की या तेरे दर्शन की होती है और न आंखों मे सच्चे आंसू ही झलकते हैं ना हृदय मे कंप ही होता है और न त्वचा पर रोमावली ही चढी रहती है और ना वाचा ही गदगद होती है। प्रभो अब

मैं क्या मांगूं आपसे। रोज़ के सदृश मैं अभ्यास वश आज भी तुम्हारे दरबार में हाज़िर हो गया। मुझे भी पता चल गया कि मेरे जानें या अन जाने अभिनय को आप जान हो गये हो और अब आप पर मेरे रोनें का कोई असर नहीं होता और ना सचमुच मैं आप के मनमें अपने प्रति दया उत्पन्न करने का प्रयत्न ही करता हूं। अब तो दया, धन, वस यही वर दो कि जितनी तुम्हारे सामने यह ज़वान कम बोलेगी और मौन रहेगी उतना ही अच्छा है। कमसे कम आंखोंसे तुम्हारी रुप माधुरी का आकंठ पान तो कर सकूंगा और उस तृप्तिसे अपने आपही आपके दिव्य भाव आप मुझमें से न बोले और न मांगे झलकाओगे। बस नाथ कुछ मैं आपसे मांग ही न सकुं यही प्रार्थना स्वीकार कर लीजिये और बुद्धि तथा मन प्रार्थना के समय बिलकुल अपनी चाल बाज़ियों की कुशलता को भूल कर मूढ़सा बन रहे। यही दान दे दो प्रभु। ॐ आनन्द ॐ।

क्या आज नाराज हो गये हो आनन्द धन! आज क्या दरबार में प्रवेश भी न होने दोगे। नहीं दयालू ऐसा न करो आप जगत जननी हो "कुपुत्रो जायते क्वचिदपि कुमाता न भवति" कुपुत्र तो पैदा होते है परन्तु हे अखंड प्रेम स्वरुप यह कभी नहीं सुना कि माता भी पुत्र के प्रति कभी कुमाता हुई है। कर्भा मैं इद्रियों का मारा कार्य करता हूं और जो भी अच्छे बुरे में कर्म करता हुँ नाथ वे सारे बेबसी में करता हुं। कभी मन की टेडी चालों पर न रंगित हो कर व्यवहार करता हूं, कभी स्वार्थ वश तो कभी मान या अहंकार के आवेश में कर बैठता हूं। दीनानाथ! कृपा करके इस बेबसी को ही दूर कीजिये ना और अपना ही राज्य, शासन पूर्णतया हृदय, मन में प्रस्तापित कर दीजिये ना। आप तो सर्व शक्तिमान हो ही। मेरे समान दुर्बल थोडे ही हो।